कोटद्वार, बुधवार
15 नवम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 196 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## भारत और नेपाल की साझी संस्कृति का प्रतीक है जौलजीवी मेला : धामी

**◆मुख्यमंत्री ने जौलजीबी मेले के लिये की 10 लाख देने की घोषणा**
**◆मुख्यमंत्री ने किया जौलजीबी मेले का शुभारम्भ**

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को काली एवं गोरी नदी के संगम पर आयोजित 110 वर्ष पुराने जौलजीबी मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलजीबी मेला भारत, नेपाल व तिब्बत के मध्य आपसी सौहार्द, व्यापारिक, सास्कृतिक व परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। यह मेला धार्मिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में बहुत महत्व रखता है। यह मेला भारत एवं नेपाल देश के बीच संस्कृति, सभ्यता के साथ–साथ व्यापिक संबंधों को बढ़ाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि वे बचपन से ही यहां के रीति-रिवाज और संस्कृति को देखते आ रहे हैं तथा इस मेले से उन्हें बहुत लगाव रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जौलजीबी मेले हेतु रुपए 10 लाख दिए जाने की घोषणा की तथा केएमवीएन द्वारा काली नदी पर युवाओं हेतु आयोजित राफ्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कर सभी स्टालों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने चॉकलेट देकर बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी तथा उन्हें आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सांस्कृतिक मेला हमारी विलुप्त होती लोक विरासत को संरक्षण प्रदान कर रहा है और आने वाली पीढ़ी को हमारी लोक संस्कृति से परिचित कराने का कार्य भी कर रहा है। राष्ट्र और संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर प्रदान करने वाला यह सांस्कृतिक मेला, निश्चित रूप से हमारी आगामी पीढ़ी के लिए सामाजिक समरसता को प्रगाढ़ करने का कार्य करेगा। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से हमारे राज्य के कलाकारों को भी एक मंच प्राप्त होता है और उनकी कला को प्रोत्साहन मिलता है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जौलजीबी मेले का शुभारम्भ करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सीमान्त गांवों के विकास के प्रति बहुत गंभीर है, इसका सीधा उदाहरण विगत दिनों उनके द्वारा आदि कैलाश व गुंजी की यात्रा है, जिससे आज पूरा विश्व इस क्षेत्र को जानने लगा है, यहां की यात्रा के उपरांत स्वयं प्रधानमंत्री जी द्वारा ट्वीट कर पवित्र आदि कैलाश की सुंदरता, धार्मिक महत्ता का वर्णन किया गया, जिससे अब यहां आवाजाही लगातार बढ़ रही है। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने भी इसके बाद इसे लेकर ट्वीट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में यह पूरा क्षेत्र आवागमन का बहुत बड़ा केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्र के गांवों का सतत विकास हमारी प्राथमिकता में शामिल है, जिसे लगातार बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ जनपद के इस सीमान्त क्षेत्र के विकास के लिए काली नदी पर डबल लेन मोटर पुल का निर्माण किया जा रहा है। जिससे भारत और नेपाल देश के बीच व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग का भी निर्माण व चौड़ीकरण किया जा रहा है, इससे व्यापार बढ़ेगा तथा क्षेत्र का विकास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ से हवाई सेवा संचालित करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और बहुत जल्द हवाई सेवा शुरू करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में एयरक्राफ्ट खड़ा है। पायलट के लिए 100 घंटे की फ्लाइंग आवश्यक होती है, इस प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में यहां मेडिकल कॉलेज भी बनने जा रहा है। जो सब आज यहां हो रहा है, वो पहले किसी ने सोचा भी नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए हम समर्पित भाव से दिन-रात कार्य कर रहे हैं और जब तक अपने ''विकल्प रहित संकल्प'' को पूरा नहीं कर लेते तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे, आराम से नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद अजय टम्टा ,अध्यक्ष जिला पंचायत दीपिका बोहरा, विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, ब्लॉक प्रमुख धारचूला धन सिंह धामी, डीडीहाट बबीता चुफाल, कनालीछीना सुनीता कन्याल नगर पालिका अध्यक्ष धारचूला राजेश्वरी देवी, डीडीहाट कमला चुफाल, सदस्य जिला पंचायत गंगोत्री दताल, जिलाधिकारी रीना जोशी, एस.पी. लोकेश्वर सिंह, नेपाल के दारचूला जिले की प्रमुख जिलाधिकारी किरन जोशी, सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, दोनों देशों के नागरिक संस्कृति कर्मी आदि उपस्थित रहे।

### केदारनाथ धाम के कपाट आज बंद होंगे

**रूद्रप्रयाग :** केदारनाथ के कपाट आज बुधवार को भैया दूज पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद बाबा केदार की उत्सव डोली छह महीने के लिए शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान होगी। जहां छः महीने शीतकाल भगवान केदारनाथ की पूजा अर्चना की जाएगी। कपाट बंद होने के बाद आज डोली रात्रि विश्राम के लिए रामपुर पहुंचेगी। केदारनाथ में कपाट बंद की बदरी-केदार मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परम्परानुसार हर साल भैया दूज पर ही बाबा केदार के कपाट बंद किए जाते हैं। केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया है। जबकि कपाट बंद को लेकर गर्भ गृह और सभा मंडप में सभी व्यवस्थाएं कर दी गई है। बदरी-केदार मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह एवं कार्याधिकारी आरसी तिवारी द्वारा केदारनाथ में मंगलवार को सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। (एजेंसी)

### खड़गे, सोनिया व राहुल ने जयंती पर पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी सहित कांग्रेस नेताओं ने भारत के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी 134वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की, साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि 'भारत माता को आज 'हिंद के जवाहर' के मूल्यों की जरूरत है।

खड़गे, सोनिया गांधी, वेणुगोपाल और अजय माकन, मनिकम टैगोर सहित कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार सुबह शांति वन में पुष्पांजलि अर्पित की।

एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, 'नागरिकता देश की सेवा में है': पंडित जवाहरलाल नेहरू, आधुनिक भारत के निर्माता, भारत को शून्य से शिखर तक ले जाने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर श्रद्धांजलि , लोकतंत्र के निडर संरक्षक और हमारे प्रेरणा स्रोत।

### राज्यपाल ने हिम ज्योति स्कूल की बच्चियों संग मनाया बाल दिवस

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हिम ज्योति स्कूल की बच्चियों के साथ बाल दिवस मनाया। मंगलवार को राजभवन में आईं हिम ज्योति स्कूल की बच्चियों से मुलाकात कर राज्यपाल ने उन्हें बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल ने बच्चियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। बच्चियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखें और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, आत्मानुशासन किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई विशिष्ट प्रतिभा छुपी होती है स्वंय को पहचानकर उसी क्षेत्र में आगे बढ़ना जरूरी है। उन्होंने बच्चों से सुबह हमेशा जल्दी उठने की आदत और खुश रहने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, देश के बेहतर भविष्य के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य दिया जाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत में बच्चे और युवा सर्वाधिक हैं इस दृष्टि से यह जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है।

## कोटद्वार की खोह नदी का 135 करोड़ से होगा कायाकल्प

**◆21 एम.एल.डी. सीवेज शोधन संयंत्र का होगा निर्माण**
**◆खोह नदी में गिरने वाले 9 नाले होंगे टैप**

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून :** उत्तराखण्ड राज्य को नमामि गंगे परियोजना के तहत् गंगा नदी जल प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगभग 135 करोड़ रुपए की लागत परियोजना को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की 52वीं कार्यकारी समिति की बैठक में सैद्धान्तिक स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है।

स्वीकृत परियोजना में उत्तराखंड के जनपद पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र के कोटद्वार शहर में बहने वाली खोह नदी में गिरने वाले 09 नालों को टैप करने एवं 21 एम.एल.डी. सीवेज शोधन संयंत्र के निर्माण की स्वीकृति हेतु सहमति (लागत लगभग 135 करोड़) प्रदान की गई है। खोह नदी कोटद्वार नगर से बहते हुये रामगंगा नदी में मिलती है, जो कि आगे चलकर गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदी है।

परियोजना के निर्माण से खोह एवं रामगंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में तो सुधार होगा ही साथ ही साथ गंगा नदी में दूषित जल का प्रवाह रूकेगा। जी. अशोक कुमार, महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में उत्तराखंड राज्य से अरविन्द सिंह ह्यांकी, सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता, रणवीर सिंह चौहान कार्यक्रम निदेशक एसपीएमजी, उत्तराखंड ने प्रतिभाग किया।

### मोदी चुनाव में करते हैं लोगों को भडक़ाने वाली बात : गहलोत

**कोटा ,(एजेंसी)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव में लोगों को जाति एवं धर्म के नाम पर भडक़ाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ये लोग चुनाव में मुद्दे की बात नहीं कर केवल लोगों को भडक़ाने एवं ध्यान भटकाने की बात करते हैं।श्री गहलोत मंगलवार को कांग्रेस की गारंटी यात्रा के अगले चरण की शुरुआत के मौके पर यहां पहुंचने पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही। विधानसभा चुनाव में श्री मोदी के दौरे को लेकर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि वह मुद्दे पर बात नहीं करते और लोगों को भडक़ाने वाली बात करते हैं जबकि कांग्रेस राज्य में विकास और सुशासन को लेकर चुनाव लड़ रहा है।

## समिति ने शुरू की सिनक्यारा सुरंग में हुए भूस्खलन की जांच

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून :** शासन के द्वारा सिलक्यारा सुरंग में हुए भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों की जांच के लिए निदेशक उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की अध्यक्षता में गठित समिति में शामिल विशेषज्ञों ने स्थल का निरीक्षण कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच समिति में शामिल विशेषज्ञों का यह दल बीते दिन ही घटनास्थल पर पहुंच गया था। दल के द्वारा सुरंग एवं इसके ऊपर की पहाड़ी का सर्वेक्षण किया जा रहा है। विशेषज्ञों के इस दल में यूएसडीएमए देहरादून के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, वाडिया इंस्टिट्यूट ऑफ हिमालय जियोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ. खइंग शिंग ल्युरई, जीएसआई के वैज्ञानिक सुनील कुमार यादव, वरिष्ठ वैज्ञानिक सीबीआरआई रुड़की कौशिल पंडित, उपनिदेशक भूतत्व एवं खनिजकर्म विभाग जीडी प्रसाद और भूवैज्ञानिक यूएसडीएमए देहरादून तनड्रिला सरकार शामिल हैं।

**सिलक्यारा सुरंग में हुए भूस्खलन की जांच करते हुए समिति के सदस्य।**



# भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित

देहरादून(आरएनएस)। भारत सरकार की प्रमुख लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पंहुचाने हेतु ह्यह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्वह्व कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से बैठक करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद में 15 नवम्बर से 25 नवम्बर तक अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में आई0ई0सी0 वैन के माध्यम से आयोजित ह्यह्य विकसित भारत संकल्प यात्राह्वह्व के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। माननीय राज्यपाल द्वारा राजभवन से प्रातः 11:15 बजे आई0ई0सी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। जनपद के 04 विकासखण्ड सहसपुर, विकासनगर, कालसी, चकराता के 18 ग्राम पंचायतों में वाहन यात्रा करेंगे। उक्त कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि,



मा0 विधायकगण, मा0 सांसद गण के द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा। कार्यक्रम में आयोजित शिविर में विकासपरक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। स्थानीय लोक संस्कृति एवं परम्पराओं से आई0ई0सी0 वैन का स्वागत किया जाएगा तथा कार्यक्रम का वृहद्धस्तर पर प्रचार–प्रसार के साथ ही योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी रेखीय विभाग अपने विभाग से सम्बन्धित लाभार्थियों की सूची तैयार करते हुए लाभार्थियों को आयोजन स्थल पर लाने, विभागीय योजनाओं से उन्हें संतृप्त करने की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी चकराता, विकासनगर, सहसपुर को निर्देश दिए कि अपने–अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मा0 विधायकगणों, मा0 सांसदगणों को प्रतिभाग करने हेतु अनिवार्यरूप से आग्रह करें तथा ससमय कार्यक्रम की सूचना प्रेषित करें। उन्होनें निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में सम्बन्धित योजनओं के लाभार्थियों को प्रयार स्थल पर एकत्रित कर समस्त विभाग की योजनाओं का प्रचार–प्रसार व अवशेष लाभार्थियों की सूची तैयार करते हुए विभागीय सेवाओं से संतृप्त किया जाएगा तथा बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्य हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट वेबसाईट पर अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों/ जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यक्रम में पूर्ण विवरण, सूचनाओं एवं विभागीय योजनओं के प्रारूपों के साथ टीम सहित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए ताकि मौके पर ही पात्रों को योजनाओं से सम्बन्धित विभागीय कार्यवाही व

## एक नजर

### मृतकों के आश्रितों का नाम दर्ज किया जाए

हरिद्वार। वन गुज्जर परिवारों की समस्स्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन इंडिया के कार्यकर्ताओं ने वन संरक्षक शिवालिक वृत को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वन क्षेत्र मे रह रहे वन गुज्जर परिवारों को मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग की। यूनियन के जिलाध्यक्ष गुलाम रसूल ने कहा कि पुनर्वास किए जाने तक वन क्षेत्र मे रह रहे परिवारों को पशु चुगान की अनुमति के साथ रसीद जारी की जाए। वन प्रभाग क्षेत्र में परमिटधारी मृतकों के आश्रितों के नाम दर्ज किए जाने की मांग उठाई।

### लापता युवती के अपहरण की आशंका जताई

विकासनगर। थाना सेलाकुई क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती अचानक घर से गायब हो गई है। जिसके बाद से उसका पता नहीं चल पाया है। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसे अंदेशा है कि उसकी बेटी का अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण किया है। थाना क्षेत्र सेलाकुई के अंतर्गत एक गांव के ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी 21 अगस्त को अचानक घर से गायब हो गई थी। खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। थानाध्यक्ष सहसपुर ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है। बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही मुखबिर को सक्रिय कर दिया है। बताया कि पुलिस की टीमें बनाकर युवती की तलाश में अलग–अलग क्षेत्रों को रवाना कर दिया है।

### सरकारी भूमि पर जेसीबी चलाने पर दो लाख का जुर्माना

ऋषिकेश। मौजा खड़कमाफ में ग्रामसभा की भूमि पर अवैध तरीके से जेसीबी चला समतलीकरण करने के मामले पर तहसील प्रशासन ने कार्यवाही की है। तहसील प्रशासन ने आरोपी पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। ऋषिकेश एसडीएम योगेश मेहरा ने बताया कि मौजा खड़कमाफ में बीते 10 नवंबर को सरकारी भूमि पर जेसीबी चला खुर्दबुर्द करने की कोशिश की गई। रमेश पांडे एवं विकास थपलियाल द्वारा बिना अनुमति के ग्राम सभा की भूमि पर जेसीबी चला समतलीकरण एवं खुर्द बुर्द करने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना मिलने पर कानूनगो एवं लेखपाल को मौके पर भेजा गया।

# डीएम सोनिक ने की कोविड महामारी में परिजनों को खो चुके बच्चों से मुलाकात



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने दीपावली के अवसर पर जनपद में कोविड महामारी में अपने माता पिता, पिता या माता को खो चुके बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से मिलकर उनका हालचाल जाना तथा बच्चों से संवाद करते हुए उनको भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्राप्ति के लिए निंरतर प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बच्चों को पढाई के प्रति मेहनत करने तथा सजग रहने को कहा। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, सहित पीएमकेयर से लाभान्वित बच्चे तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## योगनगरी रेलवे स्टेशन पर खुलेगा जन औषधि केंद्र

ऋषिकेश। भारत सरकार के प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर मुरादाबाद मंडल का पहला जनऔषधि केंद्र खुलने जा रहा है। ई–नीलामी के माध्यम से इसके लिये निविदा आमंत्रित की गई हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सुधीर सिंह ने बताया कि रेल यात्रियों को सहज एवं रियायती दर पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार ने रेल स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोलने का फैसला किया है। पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत ये जन औषधि केंद्र अभी देश के 50 स्टेशनों पर खोले जाएंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। स्टेशन परिसर में ही आउटलेट खोले जाएंगे ताकि यात्रियों के साथ–साथ स्टेशन तक आने–जाने वाले लोगों को भी सुविधाजनक तरीके से सस्ती दवाएं मिल सके। उन्होंने बताया कि उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल का योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन उत्तराखंड राज्य का रेल सेवा प्रदान करने वाला एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यह स्टेशन, बहुप्रतिक्षित ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना का पहला स्टेशन है। इसके अलावा पर्यटन और तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण यह स्टेशन उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का भी प्रवेश द्वार है।

## चकराता के दो सौ गांवों में संचार सेवा ठप

विकासनगर। सोमवार दोपहर से ओएफसी लाइन कट जाने से चकराता समेत आसपास के 200 से अधिक गांवों में भारत संचार निगम की संचार सेवाएं ठप पड़ी हुई हैं। संचार व्यवस्था ठप होने से बैंक, एटीएम, जनाधार सहित दर्जनों सरकारी कार्यालयों में मंगलवार को कामकाज प्रभावित रहा। सोमवार दोपहर बाद खराब हुई संचार व्यवस्था मंगलवार को दूसरे दिन भी ठीक नहीं हो पाई। विभाग की इस लापरवाही से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संचार व्यवस्था ठप होने से चकराता छावनी सहित आसपास के 200 से अधिक गांवों में संचार व्यवस्था से जुड़े कार्य प्रभावित रहे। दो दिन बाद बैंक खुलने पर लेन–देन में परेशानी आई, एटीएम में भी नगदी निकासी प्रभावित रही। साथ ही जनाधार केंद्र में प्रमाण पत्र आदि बनवाने आए ग्रामीण भी निराश दिखे। इसके साथ ही पोस्ट ऑफिस आदि सरकारी कार्यालयों में भी कार्य प्रभावित हुए। स्थानीय निवासी दिनेश चांदना, आनंद राणा, राजा सिंह, चमन चौहान आदि का कहना है की विगत एक माह में कई बार संचार व्यवस्था खराब हुई है।

# तुलाज इंस्टीट्यूट में आयोजित हुआ तकनीकी उत्सव कार्यक्रम

विकासनगर। तुलाज़ इंस्टीट्यूट ने अपने वार्षिक तकनीकी उत्सव उत्कृष्ट के दौरान नवाचार और तकनीकी प्रतिभा का एक रोमांचक प्रदर्शन आयोजित किया। राइजिंग इंडिया विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में तकनीकी प्रगति और ज्ञान साझा करने की भावना का जश्न मनाया गया।

उत्सव का उद्घाटन तुलाज़ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन सुनील कुमार जैन और यूकॉस्ट के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. पीयूष जोशी द्वारा किया गया। उत्सव के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिनमें ह्यरोबो वॉर, 24–घंटे हैकथॉन, 2–दिवसीय बिजनेस सिमुलेशन, बैटलग्राउंड, ह्यमॉडल मेकिंग प्रतियोगिता, तकनीकी प्रश्नोत्तरी, और विभिन्न मनोरंजक खेल शामिल थे। उत्कृष्ट में उत्तरांचल विश्वविद्यालय, सीओईआर, दून बिजनेस स्कूल, माया कॉलेज और कई अन्य सम्मानित संस्थानों के 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। टेक फेस्ट का आयोजन




तुलाज़ इंस्टीट्यूट के छात्र संगठन द्वारा अपनी प्रतिबद्धता और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए किया गया था। समापन सत्र में प्रबंध निदेशक रौनक जैन और तुलाज़ इंस्टीट्यूट के प्रौद्योगिकी उपाध्यक्ष डॉ. राघव गर्ग की उपस्थिति देखी गयी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को 2.5 लाख रुपये के इनाम से पुरस्कृत किया गया।

# दीपावली संपन्न होने के बाद मैदान के लिए बढ़े यात्री, चलाई अतिरिक्त बसें

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** दीपावली के बाद अब मैदान के लिए यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। मंगलवार को दिल्ली, गुरुग्राम सहित अन्य क्षेत्रों के लिए जाने वाले यात्रियों को सीट के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। रूट पर बढ़ी यात्रियों की संख्या को देखते हुए रोडवेज की ओर से अतिरिक्त बसों का संचालन भी किया गया।

दीपावली त्योहार मनाने के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी अपने गांव पहुंचे थे। चार दिन पूर्व जहां पहाड़ जाने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा देखने को मिला था वहीं, अब दीपावली के बाद मैदान की ओर लौटने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है।

◆दिल्ली, देहरादून, गुरुग्राम के लिए बढ़ी यात्रियों की संख्या
◆रोडवेज ने मैदानी क्षेत्रों के लिए चलाई अतिरिक्त बसें

मंगलवार सुबह से ही पहाड़ से यात्रियों से भरे वाहन कोटद्वार पहुंच रहे थे। यहां से दिल्ली, देहरादून, गुरुग्राम सहित अन्य क्षेत्रों को जाने के लिए यात्रियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अड्डे से सड़क पर आते ही वाहनों की सीट फुल हो जा रही थी। यहां तक की कई यात्री खिड़की के रास्ते सामान डालकर सीट घेरने का भी प्रयास करते हुए नजर आए। दिल्ली, चंडीगढ़ के लिए बस अड्डे से ही टिकट बनाने की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए भी यात्रियों को घंटों लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ा। मैदान के लिए कई रूटों पर उत्तर प्रदेश की बसों का संचालन होने से काफी राहत मिली।



कोटद्वार के स्टेशन रोड में टिकट बनवाने के लिए लगी यात्रियों की लाइन

## शहर में लगता रहा जाम

दीपावली की छुट्टी पूरी होने के बाद अधिकांश लोग वापस अपने काम पर लौटने लगे हैं। यही कारण था कि पहाड़ से मैदान को जाने वाले वाहनों के कारण शहर में भारी जाम की स्थिति देखने को मिली। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सबसे बुरी स्थिति स्टेशन रोड, बदरीनाथ मार्ग, नजीबाबाद रोड की बनी हुई थी। पूरे दिन वाहन सड़कों पर रेंग-रेंगकर चलते रहे।

# रावण ने किया माता सीता का हरण

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** हरसिंहपुर में आयोजित रामलीला में सोमवार रात सीता हरण का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

मंचन के दौरान पंचवटी में निवास कर रहे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता के पास रावण की बहन शूर्पणखा पहुंचती है। शूर्पणखा जैसे ही भगवान राम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखती है, प्रभु उसे नकार देते हैं। प्रभु के नकारने के बाद शूर्पणखा द्वारा माता सीता पर हमला करने पर लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। कटी हुई नाक लेकर शूर्पणखा रावण के दरबार में पहुंच कर भाई लंकेश को सारी बातें बताती है। कुपित रावण मामा मारीच की मदद से साधु का वेश धारण कर माता सीता का हरण करता है। मारीच द्वारा सोने का हिरन बनकर माता सीता का ध्यान आकर्षित किया जाता है। साधु वेश में रावण माता सीता का हरण करने को जैसे ही कुटिया में प्रवेश करने की कोशिश करता है, उसे लक्ष्मण द्वारा खींची गई अग्नि रेखा रोक देती है। इसके बाद साधु रूपी रावण के आग्रह पर माता भिक्षा देने के लिए अग्नि रेखा को पार करतीं हैं और रावण उनका हरण कर लेता है। माता सीता की खोज में श्रीराम के साथ लक्ष्मण भैया वन में भटकते हैं। मार्ग में उन्हें घायल जटायु द्वारा माता के लंका में होने की जानकारी प्राप्त होती है। इस मौके पर रमेश ध्यानी, गजेंद्र धस्माना, सुधीर ध्यानी, नीरूबाला खंतवाल, गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के हरसिंहपुर में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

# अंकुश व प्रिया दौड़ी सबसे तेज

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** जयहरीखाल के इंटर कॉलेज धौलखेतखाल में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ आयोजित किया गया। जिसमें तीन हजार मीटर की बालक वर्ग दौड़ में अंकुश व बालिका वर्ग में प्रिया प्रथम स्थान पर रहे। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीनदयाल भारद्वाज व ग्राम प्रधान सरोजनी देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सर्वप्रथम अंडर-14 की 60 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बालक वर्ग में मानव व बालिका वर्ग में अंबिका प्रथम स्थान पर रहे। 6 सौ मीटर की दौड़ में सुधीर व प्रिया प्रथम रहे। ऊंची कूद प्रतियोगिता में सुधीर व कसिस प्रथम स्थान पर रहे। लंबी कूद प्रतियोगिता में आदर्श व संजना प्रथम रहे। गोला फेंक में आयुष व संजना प्रथम स्थान पर रहे। कबड्डी में इंटर कालेज धौलखेतखाल ने उच्च माध्यमिक विद्यालय पीड़ा का पराजित किया। अंडर-17 के बालक व बालिका वर्ग में अजय व सोनम प्रथम स्थान पर रहे। 4 सौ मीटर दौड़ में शुभम कंडारी व वंदना प्रथम स्थान पर रहे। 9 सौ व 15 सौ मीटर दौड़ में में वर्षा व अनूप प्रथम स्थान पर रहे। तीन हजार मीटर दौड़ में अंकुश व प्रिया प्रथम स्थान पर रहे।

ऊंची कूद प्रतियोगिता में कृष्णा सिंह व संजना प्रथम स्थान पर रहे। लंबी कूद प्रतियोगिता में शुभम व वंदना प्रथम रहे। गोला व भाला फेंक में दिव्यांशु व संजना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में कृष्णा गौड़, वश, श्रृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी के बालिका व बालक वर्ग व चार गुणा सौ मीटर की रिले में इंटर कालेज धौलखेतखाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिताओं के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य दीनदयाल भारद्वाज ने विजेता प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर सूरज रमोला, सलीम अहमद, प्रियंका गुंसाई, प्रधानाध्यापिका बीना भारद्वाज, सूरज मोहन रावत, आंनद सिंह, मनोज रावत मौजूद रहे।

## सौ मीटर दौड़ में दिव्यांशी व अनश रहे अव्वल

**कोटद्वार :** बाल दिवस पर शांति बल्लभ मेमोरियल इंटर कालेज में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान सौ मीटर दौड़ बालिका वर्ग में दिव्यांशी नेगी व बालक वर्ग में अनश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य वरूण कुमार भदोला ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान म्यूजिकल रेस में ओम, प्रियांशी, आराध्या, फ्रोग रेस में विलाल, उमर, पीयूष बाल पास में तनिष्क, शिवाय, अराध्या प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। वहीं, सौ मीटर दौड़ बालिक वर्ग में दिव्यांशी नेगी, अलीना, दिव्यांशी बेबनी, बालक वर्ग अनश, मयंक, अयान, कैरम बालिका वर्ग में शीतल, अवनी, महक रावत, बालक वर्ग में दिव्यांश, अमिनव, अमन प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे।

## विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

**कोटद्वार :** बाल भारती सीनियर सकेंडरी स्कूल में बाल अधिकारी व बाल श्रम कानून पर विभिन्न नाटक प्रस्तुत किए गए। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को कानूनों की जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत ने किया। उन्होंने बच्चों को बाल अधिकारी व बाल श्रम कानून की जानकारी दी। इस दौरान कक्षा छह, सात व आठ के बच्चों ने कानून को लेकर नाटक प्रस्तु किया। इस मौके पर सतीश मौर्य, मुकेश सिंह भंडारी, विजय जोशी, रविंद्र भारद्वाज, जतिन नेगी आदि मौजूद रहे।

# सम्मानित होने पर डा. नंदकिशोर ढौंडियाल का किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** साहित्यकार डा. नंद किशोर ढौंडियाल को स्वामी विवेकानंद पुस्कार मिलने का साहित्यिक संस्था साहित्यांचल ने स्वागत किया है। कहा कि ढौंडियाल को राष्ट्रीय सम्मान मिलना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

मंगलवार को नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के पूर्व प्रांत संघ चालक चंद्रपाल सिंह नेगी, अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूरण सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि वरिष्ठ साहित्यकार डा. नंद किशोर ढौंडियाल को अखिल भारतीय कला साहित्य संस्कृति अकादमी वर्धा महाराष्ट्र के माध्यम से स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाना उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है। कहा कि डा. नंद किशोर ढौंडियाल ने कई पुस्तके लिखी है। इस मौके पर ललन बुडाकोटी, चंद्रप्रकाश नैथानी, प्रवेश नवानी, गोविंद डंडरियाल, पीएल खंतवाल, ऋषि कंडवाल, सुदीप बौंठियाल, कुलदीप मैंदोला, भगवती प्रसाद कंडवाल, श्याम प्रसाद कोटनाला, हरि सिंह भंडारी, रमेश भट्ट, जशोदा बुडाकोटी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में डा. नंदकिशोर ढौंडियाल का स्वागत करते संस्था के सदस्य व अन्य

## आज से शुरू होगा युवाओं के लिए विशेष भर्ती अभियान

**पौड़ी :** जिला प्रशासन के तत्वावधान में युवाओं के लिए विशेष भर्ती अभियान आज बुधवार से शुरू होगा। शिविर जिले के 9 ब्लाकों में आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम व संबंधित अफसरों को भर्ती अभियान के सफल संचालन के निर्देश दिए हैं। भर्ती 15 नवंबर से 2 दिसंबर तक होगी।

एसआईएस (सिक्यूरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज) इंडिया लिमिटेड देहरादून की पहल पर जिले में बुधवार 15 नंबर से युवाओं के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशसन से मिली जानकारी के अनुसार 15 व 16 नवंबर को बीरोंखाल, 17 व 18 को नैनीडांडा, 19 व 20 को पोखड़ा, 21 व 22 को एकेश्वर, 23 व 24 को रिखणीखाल, 25 व 26 को जयहरीखाल, 27 व 28 को द्वारीखाल, 29 व 30 को दुगड्डा और 1 व 2 दिसम्बर को यमकेश्वर विकासखंड में आयोजित किया जाएगा। डीएम ने संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम को भर्ती अभियान के लिए जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं।

# कैरम में हरीश और 100 मी. दौड़ में वंश ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** बाल दिवस के अवसर पर लोअर चोपड़ा में ट्रस्ट फॉर हुमन एजुकेशनल प्रोग्राम व गुड गुड बुक्स एजुकेशनल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोतगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशप राजेश कुमार मेन्सेल ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नशा व्यक्ति के सोचने समझने की क्षमताओं को शून्य कर देता है। उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहकर अपना भविष्य संवारने की अपील की।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में कैरम प्रतियोगिता में हरीश पहले, लक्की दूसरे व वंश तीसरे स्थान पर रहे। 100 मी. दौड़ में वंश पहले, स्पर्श दूसरे व हरक्षित तीसरे स्थान पर रहे। 50 मी. दौड़ में कनिश पहले, देव दूसरे व लक्की तीसरे स्थान पर रहे। 200 मी. में तनिकश पहले, दिव्यांश दूसरे व शिवंश तीसरे स्थान पर रहे। क्रिकेट में श्रीनगर की टीम ने चोपडा को तीन विकेट से हरा दिया। सभी विजेता व उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि जगमोहनी मेंसेल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अजय, पवन, रेशनी, अविनाश, महिमा आदि शामिल रहे।

# ऐतिहासिक सात दिवसीय गौचर मेले का हुआ भव्य आगाज



चमोली । गौचर में 71वॉं राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का शानदार आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौचर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के पहुंचने पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गौचर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण करने की घोषणा भी की।

गौचर मेले में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले हमारे जीवन में इंद्रधनुषी रंगों की तरह हैं और जीवन में ताजगी और उत्साह भर देते हैं। प्राचीन समय में, जब संचार और परिवहन की कोई ऐसी सुविधाएं नहीं थीं, तो इन मेलों ने सामाजिक ताने– बाने को बुनने में बहुत मदद की और लोगों का सामाजिक और व्यावहारिक दायरा बढ़ाया। गौचर मेला संस्कृति, बाजार तथा उद्योग तीनों के समन्वय के कारण हमारे राज्य का एक प्रसिद्ध राजकीय मेला है। उन्होंने मेले को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए जिला प्रशासन की सराहना भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए रोड कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, रोपवे कनेक्टिविटी, हवाई कनेक्टिविटी सहित ऊर्जा एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश में चारधाम सड़क परियोजना, ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाईन का निर्माण तथा निर्माणाधीन रोपवे परियोजनाएं इस बात का उदाहरण हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के विकास के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने का ह्यविकल्प रहित संकल्पह्य के साथ कार्य किये जा रहे हैं। इस संकल्प के कुछ पड़ाव हमने पार कर लिए हैं पर अभी बहुत काम करना बाकी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने, प्रदेश की महिलाओं के लिये 30 प्रतिशत के क्षैतिज आरक्षण, समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण पर रोक के लिये कानून और सख्त नकल विरोधी कानून लागू करने का काम किया है।

# सब्जियों के दाम बढ़ने से बढ़ी मुश्किल



नई टिहरी : नई टिहरी में बीते माह के मुकाबले नवबंर माह में सब्जियों की कीमत में बढ़ोत्तरी हुई है। किचन में सब्जी और दाल का जायका बढ़ाने वाले प्याज की कीमत सीधे दोगुनी पहुंच गई है। जिसके कारण लोग प्याज की खरीदारी कम मात्रा में कर रहे हैं।

नई टिहरी में प्याज और आलू के साथ अन्य सब्जियों की कीमत में करीब 10 से 20 रुपये तक का इजाफ हुआ है, प्याज की कीमत बीते माह के मुकाबले इस माह करीब दोगुनी हो गई है। नई टिहरी के सब्जी विक्रेता धनपाल सिंह पंवार ने बताया दीपावली से पूर्व ही सब्जी मंडी में सब्जियों के दामों में कुछ इजाफ हो गया था, लेकिन प्याज की कीमत सबसे अधिक बढ़ी है। सब्जियों के दाम बढ़ने से ग्राहक सीमित मात्र में सब्जियों की खरीदारी करते है,उम्मीद है, जल्द सब्जियों के दामों में कमी होगी। वहीं गृहणी मंजू रावत और पुष्पा सकलानी ने बताया कि नई टिहरी में आम दिनों के मुकाबले इन दिनों सब्जियों के दाम बढ़े हुये है, जिसके चलते वह सीमित मात्रा में सब्जियों की खरीद कर रही हैं। (एजेंसी)

# पूर्व सैनिकों की समस्याएं गौचर मेले में होंगी हल

रुद्रप्रयाग : आईबीईएक्स ब्रिग्रेड से सेवानिवृत सैनिकों, वीर नारियों एवं सैनिक विधवाओं के लिए गौचर मेले में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें उनकी समस्याओं का निस्तारण करना है, साथ ही उन्हें सेना व सिविल विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अनेक जानकारियां दी जाएंगी। 6 ग्रिनेडियर के कर्नल हितेश वशिष्ट ने बताया कि 18 नवम्बर को गौचर में समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह का आयोजन राज्य विभाग एवं राज्य सैनिक बोर्ड के सामंजस्य के साथ किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत सैनिकों, वीर नारियों तथा सैनिक विधवाओं की विभिन्न समस्याओं का निवारण करना है। साथ ही समारोह स्थल पर ही सेना व सिविल विभागों द्वारा स्टाल लगाकर तथा व्यक्तिगत ध्यान देकर उनकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। इसके अलावा समारोह में गढ़वाल राईफल अभिलेख कार्यालय द्वारा पेंशन संबंधी जानकारी भी स्टॉल लगाकर दी जाएगी। जबकि कैन्टीन और मेडिकल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। समारोह के समापन के दौरान सभी सेवानिवृत सैनिको, वीर नारियों तथा विधवाओं के लिए भोज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं विधवाओं से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में आने का आह्वान किया है। (एजेंसी)

## प्रेम दत्त मंडलध्यक्ष बनें

नई टिहरी : भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने बताया कि मुनिकीरेती-ढालवाला मंडल का प्रेमदत्त सेमवाल को नया मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बताया पूर्व मंडलध्यक्ष राकेश भट्ट के आकस्मिक निधन के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रभारी मुकेश कोहली, सह प्रभारी रमेश चौहान की संस्तुति पर यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने नवनियुक्त मंडलध्यक्ष से पार्टी के कार्यक्रमों को तेजी से संचालित करने को कहा है। (एजेंसी)

# कांग्रेस ने किया पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद



चमोली : देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल को उनके जन्मदिन पर चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाव पूर्ण स्मरण किया। कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द सिंह पंवार ने बताया जिला मुख्यालय गोपेश्वर कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसजनों द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस-बाल दिवस पर उन्हें याद किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पसुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विचार गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी के लिए उनके योगदान तथा देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में की गई लम्बी सेवाओं का आख्यान किया तथा उनके आदशों पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सजवांण, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, पीसीसी सदस्य अरविंद नेगी, पूर्व दायित्वधारी युद्धवीर बर्त्वाल, जिलाध्यक्ष महिला ऊषा रावत, जिलाध्यक्ष विधि भरतसिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष भगत कनियाल, धीरेन्द्र गरोडिया, विक्रम नेगी, जिला प्रवक्ता महेंद्र नेगी, जिला सचिव मन मोहन ओली, वीरेंद्र बर्त्वाल, भक्त दर्शन बिष्ट, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री जयवीर नेगी, गोपाल रावत, नगर अध्यक्ष अनुजाति मदनलाल, नगर अध्यक्ष महिला अंजू राणा, नगर महामंत्री, सचिव मदन लोहानी, विक्रम शाह और ब्लाक प्रचार मंत्री दर्शन झिंक्वाण आदि कार्यकर्ता शामिल रहे। (एजेंसी)

# टनल में फंसे श्रमिकों के बारे में अधिकारियों से निरंतर जानकारी ले रहे हैं - धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी के सिलक्यारा के पास टनल में फंसे श्रमिकों के बारे में अधिकारियों से निरंतर जानकारी ले रहे हैं। राहत एवं बचाव के कार्यों में लगी एजेंसियों से भी मुख्यमंत्री हर पल की अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मौके पर तैनात जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं वहां पर कार्य कर रही एजेंसियों से निरन्तर समन्वय बनाकर रखें, राहत सामग्री की किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर, शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन द्वारा सिलक्यारा सुरंग में हुए भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों की जांच के लिए निदेशक उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की अध्यक्षता में गठित समिति में शामिल विशेषज्ञों ने स्थल का निरीक्षण कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। राहत एवं बचाव के कार्य तेजी से चल रहे हैं।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, एडीजी ए.पी. अंशुमन, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी एवं अपर सचिव जे.सी. काण्डपाल उपस्थित थे।



# गोवर्धन पूजा के अवसर पर सीएम ने की गायों की पूजा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में गायों की पूजा की। पूजा के दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

## युवाओं से पं. नेहरू के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया

**पौड़ी** : जिला मुख्यालय पौड़ी में देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई। कांग्रेसियों ने उनकी उपलब्धियों को याद कर उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता बताया। कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम नेहरू को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि नेहरू सही मायनों में आधुनिक भारत के निर्माता हैं। उनकी दूरदर्शी सोच के बूते देश में कई केंद्रीय एजेंसियों की स्थापना हुई। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से पं. नेहरू के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता राहत हुसैंन, विजय दर्शन, मोहित सिंह, अनीता रावत, यशोदा नेगी, संजय कठैत, गोपाल नेगी आदि शामिल रहे।

## कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर कर्मचारियों के द्वारा एनपीएस के विरोध में काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज किया गया। जिसके तहत कीर्तिनगर व देवप्रयाग के सभी विभागों के कार्यालय, स्कूलों में कर्मचारियों-शिक्षकों के द्वारा नयी पेंशन योजना के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध किया जा रहा है। कहा कि वर्ष 2005 के बाद कर्मचारियों पर नई पेंशन योजना थोप कर सरकार ने छलावा किया है। जनपद अध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा कि कर्मचारी अपनी इस मांग के लिए लगातार संघर्षरत रहेंगे। सरकार को जल्द कर्मचारियों की एक सूत्रीय मांग हल करनी चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश कोहली, ब्लॉक अध्यक्ष कीर्तिनगर संदीप मैठाणी, विजय सिंह रावत, सुरेंद्र मियां, चंद्रशेखर मेवाड़, दीपक भंडारी, प्रवीण पटवाल, विजेंद्र, रोशनी देवी, मंगल सिंह बर्थवाल, अर्जुन राणा, दिनेश मंन्द्रवाल आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दे अभिभावक

**पौड़ी** : राजस्व पुलिस ने घंडियाल में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान राजस्व पुलिस ने अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों को वाहन ना चलाने देने की हिदायत दी। मंगलवार को राजस्व क्षेत्र घंडियाल में राजस्व पुलिस द्वारा दुपहिया वाहनों को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर जहां वाहन चालकों को रोड सेफ्टी मानकों के अनुसार वाहन चलाने की हिदायत दी गई। वहीं नाबालिक बच्चों के वाहन चलाने पर उनके माता-पिता को मौके पर बुलाकर आगे से ऐसा न करने की चेतावनी देते हुए उन्हें छोड़ दिया गया। राजस्व उप निरीक्षक धजवीर चौहान ने बताया कि यदि रोड सेफ्टी मानकों का उल्लंघन करते हुए कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर राजस्व उप निरीक्षक धजवीर चौहान, मनोज कुमार, विपिन कुमार के साथ पराविधिक स्वयं सेवी जगमोहन डांगी व पीआरडी जवान आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने बुजुर्ग को सकुशल परिजनों के सुर्पद किया

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के थाना पैठाणी से गुमशुदा एक बुजुर्ग को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुर्पद कर दिया है। बीती 10 नवंबर को एक स्थानीय महिला द्वारा थाना पैठाणी पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके ससुर कार्तिक सिंह घर से कहीं चले गए है जो अभी तक वापस नहीं आए है। जिस पर थाना पैठाणी में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने उक्त बुजुर्ग को तत्काल बरामद करने के लिए थानाध्यक्ष पैठाणी को निर्देशित दिए। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया और मंगलवार को आस-पास के क्षेत्रों में तलाश करते हुए गुमशुदा बुजुर्ग कार्तिक सिंह को सिलोली पुल पैठाणी से बरामद कर सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बुजुर्ग के परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।

# कांग्रेस ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए उनके योगदान को याद किया गया।

पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पं. नेहरू जहां आजादी के संघर्ष में योगदान देते हुए जेल गए वहीं



आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते कांग्रेसी

देश के प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने गुट निरपेक्ष आंदोलन व पंचशील सिद्धांत से विश्व पटल पर अपना लोहा मनवाया।

तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर स्थान बनाने पर दीक्षा, सुशांत नेगी, अभिषेक असवाल और अवनी नेगी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रंजना रावत, नीलम रावत, शंकेश्वर सेमवाल, मनवर सिंह आर्य, ओम प्रकाश कोटला, गुड्डू सिंह चौहान, दीपेंद्र भंडारी, प्रवेश रावत और बलबीर सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयंती पर जवाहरलाल नेहरू को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर मंगलवार को महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

+इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नेहरु को बच्चों से काफी ज्यादा लगाव था। इसलिए हर साल उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कहा कि वे देश के पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने 17 साल प्रधानमंत्री के पद को बखूबी निभाया। उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम के समय गांधी जी के साथ मिलकर आजादी के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई। देश के प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने शिक्षा, आर्थिक विकास और विज्ञान के क्षेत्र में देश को अग्रणी बनाने के लिए कई योजनाएं आरंभ की। परिणाम स्वरूप देश


प.जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

विकास के पथ पर तेजी से बढ़ता चला गया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, महावीर रावत, विजय माहेश्वरी, शूरवीर खेतवाल, उपेंद्र नेगी और अंकुश घिल्डियाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 10 दिसंबर को कर्मचारी सीएम आवास पर देगें धरना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की है। रणनीति के तहत 1 से 9 दिसंबर तक कार्यालयों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास पर धरने का आयोजन किया जाएगा।

मोर्चा 21 से 28 नवंबर के बीच जिलाधिकारियों के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली के लिए सीएम को मांग पत्र भेजेगा। 30 नवंबर को कमिश्नर के माध्यम से राज्यपाल को पुरानी पेंशन के लिए मांग पत्र प्रेषित करेगा। मोर्चा के प्रांतीय महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि नई पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के साथ छलावा है। 35 से 40 वर्ष की सेवा करने के बाद 70 से 80 हजार वेतन ले रहा कर्मचारी 1 हजार भी पेंशन नहीं ले पा रहा है। सरकार को इस योजना को बंद करके वास्तविक पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना चाहिए। कहा कि मोर्चा इस बार आर या पार की लड़ाई के लिए तैयार है। राज्य सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती तो लोकसभा चुनाव में इसके नतीजे भुगतने को तैयार रहे। उन्होंने बताया कि देश के 36 महासंघों के बैनर तले मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन किया गया था, लेकिन सरकार द्वारा अभी भी पेंशन बहाली पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश बना हुआ है। चेतावनी दी कि पुरानी पेंशन बहाल नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया अंकुट महोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : श्री गीता भवन गोविंद नगर कोटद्वार में अंकुट महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी नगरवासी अपने-अपने घर से राशन लेकर आए व आपसी सहयोग से अन्नकूट का प्रसाद बनाया।

अंकुट महोत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह बना हुआ था। भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया गया। साथ ही समस्त नगर वासियों को प्रसाद वितरित किया गया।

घरों से भक्त लोग एक-एक भोग


भागवान के लिए भोग बनाते श्रद्धालु

भी बना कर लाए जिसे भगवान राधा-कृष्ण को छप्पन भोग लगाया गया। गोवर्धन भगवान की पूजा की गई।

इस अवसर पर रमेश सिंघल, मनोज अग्रवाल, राजू छावड़ा, अजय गुप्ता, दिनेश बौठियाल, राजकुमार रस्तोगी, महेंद्र अग्रवाल, शशि शर्मा, सुधा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, हरीश नारंग, योगी गर्ग आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश शर्मा ने किया।

## नैनीताल डिस्ट्रिक्ट को–ऑपरेटिव बैंक में हुआ सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

**हल्द्वानी(सं)।** नैनीताल डिस्ट्रिक्ट को–ऑपरेटिव बैंक में 70वें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह की शुरुआत हुई। पहले दिन सहकारिता एवं सहकारी समितियों के विकास पर गहन चर्चा की गई। सुझावों का आदान–प्रदान किया गया। बैंक शाखा के सभागार में मंगलवार को सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ करते हुए बैंक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी ने सहकारिता के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। 20 नवंबर तक प्रस्तावित सप्ताह के पहले दिन सहकारिता और सहकारी समितियों के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने सहकारिता के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस मौके पर बैंक संचालक किरन नेगी, रविन्द्र सिंह रैकुनी, बैंक के सचिव/महाप्रबंधक संदीप कुमार, शिव बहादुर सिंह, एडवोकेट पंकज सुयाल, समितियों के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नगलटिया, प्रकाश बेलवान, दीवान सिंह सम्भल, बैंक अनुभाग अधिकारी वीके जोशी, संदीप बोरा, डीके टम्टा, दिनेश जोशी, दीपक भट्ट, रितेश कुमार, मुख्य शाखा प्रबंधक डॉ योगेश लोहनी, हुकम सिंह, रमेश सिंह सहित बैंक के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# घंडियाल में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**पौड़ी** : सरस्वती शिशु मंदिर घंडियाल में पहली बार एक दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया।

क्षेत्र में पहली बार महिलाओं के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से महिलाओं में उत्साह बना हुआ है। क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक रावत ने अपने पिताजी स्वर्गीय डीपीएस रावत की स्मृति में प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रमुख बीना राणा के प्रतिनिधि कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन सिंह पटवाल, महिला मंगल दल अध्यक्ष घण्डियाल गायत्री देवी पटवाल, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर घंडियाल संदीप रावत, युवा संगठन समिति के अध्यक्ष अजय मोहन नेगी, समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, अशोक रावत, प्रधान डांगी भगवान सिंह, दिवाकर नैथानी, विकास कुमार, सुरजीत पंवार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। संचालन संजय रावत ने किया।

## घर से राईफल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर(सं)।** ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यक्ति घर से राइफल चोरी करने वाले दो आरोपियों के पुलिस ने हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस मामले का अभी खुलासा नहीं कर रही है और दो आरोपियों को हिरासत में लिए जाने से इंकार कर रही है। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैंप वार्ड तीन निवासी किरन सरदार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनके घर पर एक लाइसेंसी 315 बोर की राइफल रखी थी। 11 नंवबर की रात 11 बजे वह दुकान से अपने घर आया और दरवाजा खोलने की कोशिश करने लगा, दरवाजा अंदर से लॉक था।


## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मौहम्मद जाकिर एवं पुत्रवधु हुसना परवीन पत्नी मौहम्मद जाकिर हमारे साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा करते है तथा हमारे कहने सुनने में नहीं है तथा मेरा पुत्र अपनी पत्नी के साथ रामपुर, जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश में हमारे पुराने घर में रहता है। मैं अपने पुत्र मौहम्मद जाकिर एवं पुत्रवधु हुसना परवीन पत्नी मौहम्मद जाकिर को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उनके द्वारा किये गये किसी प्रकार के कृत्य एवं लेन देन के लिए मैं तथा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है।

**नसीमा पत्नी शकरी निवासी गिंवई स्रोत, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**

(1433/21)

## सम्पादकीय

# रिकॉर्ड आंकड़ों की चार धाम यात्रा

उत्तराखंड की विश्व विख्यात चार धाम यात्रा ने इस बार पूरे प्रदेश को उत्साहित किया है तो वही इस सीजन में 55 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने चार धामों के दर्शन किए। विषम परिस्थितियों के बावजूद भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा जो चारों धामों के कपाट बंद होने की प्रक्रिया तक भी जारी है। इधर गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के साथ ही अब चरण तरीके से चारों धामों के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। रिकॉर्ड यात्रियों की संख्या ने न केवल राज्य सरकार को उत्साहित किया बल्कि स्थानीय व्यापारियों के लिए भी यह सीजन बेहद लाभकारी साबित हुआ है। कोरोना के बाद से ही चार धाम यात्रा में वह उछाल देखने को नहीं मिला था जो इस सीजन में सामने आया है। उत्साह जनक आंकड़ों के साथ शीतकाल के लिए चारधामों के कपाट बंद करने की तैयारियां शुरू हो गईं हैं। गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद अब 15 नवंबर को बाबा केदार और यमुनोत्री मंदिर के कपाट विधि विधान से बंद होंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर को बंद होंगे। इससे पहले बदरीनाथ में पंच पूजा की रस्में निभाई जाएंगी। इस बार 22 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने से चारधाम यात्रा का आगाज हुआ था। चार धाम यात्रा को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार ने व्यापक तौर पर प्रबंध किए थे, हालांकि पंजीकरण के बावजूद केदारनाथ धाम में कुछ अव्यवस्था देखने को मिली तो वही सोशल मीडिया में वायरल हुए कुछ चित्रों के कारण भी धाम चर्चाओं में रहा। हालांकि जिस प्रकार का उत्साह इस सीजन में देखने को मिला है उसके बाद राज्य सरकार के लिए अब यह चुनौती बन गई है कि आने वाले सीजन में किस प्रकार से यात्रियों की विशाल संख्या को नियंत्रित किया जाए एवं ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि किसी भी यात्री को दर्शन करने में असुविधा न हो और ना ही किसी को तय समय पर यात्रा करने से रोका जाए। चारों धामों में यात्रियों की संख्या के अनुपात में व्यवस्थाएं काफी कम है लिहाजा यह जरूरी है कि राज्य सरकार ऐसे पॉइंट बनाए जहां पार्किंग एवं आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सके। पर्यावरण एवं स्थानीय गरिमा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को भी चारों धामों के प्रति अपनी जिम्मेदारी दिखानी चाहिए। इस वर्ष की उत्साहवर्धक यात्रा के बाद अब अगले वर्ष की तैयारी में जुट जाना चाहिए ताकि आंकड़ों का यह सैलाब नए रिकॉर्ड कायम करता रहे।

# भ्रष्टाचार के मुद्दे से भरोसा उठा

**हरिशंकर व्यास**




आजाद भारत में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सत्ता बदलती रही है। सबको याद होगा कि कैसे बोफोर्स घोटाले की चर्चा से राजीव गांधी की चार सौ से ज्यादा लोकसभा सीट वाली कांग्रेस हारी थी और 2जी, कोयला आदि के घोटालों की चर्चा से मनमोहन सिंह की सरकार सत्ता से बाहर हुई थी। 1996 में भी पीवी नरसिंह राव की सरकार के जाने के पीछे एक कारण सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप भी थे। अरविंद केजरीवाल का एक परिघटना के रूप में उभरना भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लोगों की नाराजगी का सबसे बड़ा सबूत है। लेकिन दुर्भाग्य से अरविंद केजरीवाल की वजह से ही भ्रष्टाचार के मुद्दे से लोगों का भरोसा उठा है। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार भी कम जिम्मेदार नहीं है लेकिन मोदी के मुकाबले केजरीवाल ने ईमानदार राजनीति का ज्यादा प्रचार किया था और जब लोगों ने देखा कि उनके जीवन में इससे कोई बदलाव नहीं आया और केजरीवाल भी वैसी ही राजनीति करते रहे, जिसे बदलने का दावा करके वे आए थे तो लोगों का भारी मोहभंग हुआ। ऐसा नहीं है कि यह मोहभंग हमेशा के लिए है। हो सकता है कि कुछ समय के बाद फिर कोई मसीहा निकले और भ्रष्टाचार के मसले पर लोगों को जागरूक करे लेकिन फिलहाल इसकी संभावना नहीं दिख रही है।

सवाल है केजरीवाल ने ऐसा क्या किया, जिससे लोगों का भ्रष्टाचार के मुद्दे से भरोसा उठ गया? इस सवाल के जवाब में कई काम गिनाए जा सकते हैं। पहला, केजरीवाल ने दिल्ली में सरकार बनने के बाद ऐलान किया था कि भ्रष्टाचार खत्म करेंगे। उन्होंने अपनी तरफ से तो कोई पहल नहीं की उलटे आम लोगों से कहा कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो उसकी वीडियो बना लें और उसे सरकार को भेजें। इसके लिए व्हाट्सऐप के नंबर भी जारी किए गए। सोचें, यह कितनी अव्यावहारिक बात है? क्या यह संभव है कि कोई मोबाइल चला कर वीडियो बनाए और कर्मचारी उससे रिश्वत मांगे? ऐसा तो तभी हो सकता था, जब आम नागरिक स्टिंग जर्नलिस्ट बन जाए! इसके बावजूद सवाल है कि केजरीवाल सरकार की इस बेहद अव्यावहारिक और बचकानी योजना का क्या हुआ? इसमें कितने लोगों ने वीडियो या ऑडियो रिकॉर्ड करके सरकारी कर्मचारियों की शिकायत की और उसमें कितने लोगों पर कार्रवाई हुई? इसका कोई आंकड़ा सरकार जारी नहीं करती है। अब वह योजना चल रही है या बंद हो गई इसके बारे में भी किसी को जानकारी नहीं है।

दूसरा, केजरीवाल की पहली सरकार से उनके विधायकों और मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे थे। सबसे पहला शिकार जितेंद्र तोमर हुए थे, जिनकी फर्जी कानून की डिग्री पकड़ी गई थी। सोचें, आज केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री देखने के लिए इस अदालत से उस अदालत तक भाग रहे हैं, लेकिन उन्होंने खुद ही एक फर्जी कानून की डिग्री वाले नेता को कानून मंत्री बनाया था। हैरानी की बात है कि वे अब भी आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। यानी उनको बाद में भी टिकट दी गई।

तीसरा, अरविंद केजरीवाल को पहली बार 2018 में राज्यसभा सदस्य बनाने का मौका मिला तो उन्होंने दिल्ली की तीन सीटों में से दो सीटों पर दो बिल्कुल अनजान कारोबारियों को टिकट दे दी। संजय सिंह पार्टी के नेता थे तो उनको राज्यसभा भेजा गया। लेकिन किसी को केजरीवाल ने यह बताना जरूरी नहीं समझा कि एनडी गुप्ता और सुशील गुप्ता को किस योग्यता के आधार पर राज्यसभा में भेजा गया? इससे अपने आप यह मैसेज बना कि जिस तरह से दूसरी पार्टियां किसी फायदे के लिए कारोबारियों को राज्यसभा भेजती हैं वैसे ही केजरीवाल ने भी किया है। दूसरी बार उनको 2022 में पंजाब से सात राज्यसभा सांसद बनाने का मौका मिला तो उन्होंने पार्टी के नेता राघव चड्ढा के अलावा बाकी छह सीटों पर इधर उधर के कारोबारी, खिलाड़ी आदी भर दिए। लोग इतने मूर्ख नहीं हैं कि उनको नहीं पता है कि हजारों करोड़ रुपए का कारोबार करने वालों को आपने किस वजह से राज्यसभा में भेजा है।चौथा, केजरीवाल ने अपनी राजनीति के शुरुआती दिनों में देश के भ्रष्ट नेताओं की एक सूची बनाई थी। शरद पवार से लेकर लालू प्रसाद और मुलायम सिंह यादव तक के उसमें नाम थे। एक बार तो प्रेस कांफ्रेंस करके उन्होंने 28 नेताओं की एक सूची जारी की थी। बाद में सबने देखा कि कैसे वे इन्हीं नेताओं के साथ मंच साझा करने लगे या अपने राजनीतिक फायदे के लिए इनके दरवाजे पर चक्कर काटने लगे। उन्होंने कई दिवंगत अरुण जेटली से लेकर नितिन गडकरी तक पर अनेक आरोप लगाए और बाद में माफी मांगी। इन सबसे भी वैकल्पिक राजनीति से लोगों का भ्रम टूटा।

पांचवां, केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेताओं ने संकल्प जताया था कि उनकी सरकार बनेगी तो वे बड़ा बंगला नहीं लेंगे, सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे और सुरक्षा नहीं लेंगे यानी वीआईपी कल्चर नहीं अपनाएंगे। लेकिन पिछले करीब नौ साल में इसकी पोल खुल गई है। केजरीवाल ने कई बंगले मिला कर अपने लिए एक बंगला बनवाया, जिसकी रेनोवेशन पर 50 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए। मीडिया की खबरों के मुताबिक उनके छह लोगों के परिवार के लिए 28 लोगों का स्टाफ काम करता है और वे कई गाड़ियों के काफिले से चलते हैं। उनके लिए भी रूट लगता है और ट्रैफिक रोका जाता है। उनकी पार्टी के कई राघव चड्ढा जैसे युवा नेता भी जेड सुरक्षा घेरे में घूमते हैं और पंडारा रोड के टाइप सात के बंगले के लिए ऐसे कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं कि अगर वह बंगला नहीं मिला तो जीवन व्यर्थ जाएगा। केजरीवाल के सारे नेता बड़े बंगलों में रहते हैं और बड़ी गाड़ियों के काफिले लेकर चलते हैं।छठा, दिल्ली में फरवरी 2015 से केजरीवाल की पूर्ण बहुमत की सरकार है और पिछले एक साल से दिल्ली नगर निगम पर भी उनका कब्जा है। इसके बावजूद दिल्ली सरकार या एमसीडी का रिश्वत के मामले में क्या रिकार्ड है इसे नागरिक जानते है। सडकों पर कूड़ा पड़ा है। नालियां जाम हैं और सबने देखा कि कैसे बाढ़ और बारिश का पानी दिल्ली की गलियों और लोगों के घरों तक पहुंचा। अभी पूरी दिल्ली गैस चैम्बर बनी है। हवा जहरीली हो गई है। केजरीवाल ने पंजाब में सरकार बनने पर पराली जलाने से रोकने और दिल्ली के लोगों को राहत देने का वादा किया था। लेकिन न तो पराली जलना बंद हुआ और न दिल्ली में प्रदूषण कम करने का कोई उपाय हुआ।सातवां, एक के बाद घोटाले खुले हैं। केजरीवाल हर मामले के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते हैं। पंजाब में कई विधायक और मंत्री राज्य की एजेंसियों द्वारा रिश्वत के आरोप में पकड़े गए हैं।

# केंद्रीय नियंत्रण के औजार?

केंद्र के प्रतिनिधि के तौर पर राज्यपालों से अपेक्षित है कि राज्य में हो रही गतिविधियों से केंद्र को अवगत रखें तथा जरूरत पडने पर राज्य सरकार को उचित परामर्श दें। लेकिन वे निर्वाचित सरकारों के कामकाज में व्यवधान डालने लगें, यह कतई अपेक्षित नहीं हैं।

एक महीने के भीतर केरल की सरकार राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। जबकि केरल, तमिलनाडु और पंजाब सरकारों की तरफ अपने–अपने राज्यपालों के खिलाफ दायर मामले की सुनवाई अभी चल ही रही है। केरल की लेफ्ट फ्रंट सरकार की शिकायत है कि राज्यपाल विधानसभा से पारित विधेयकों पर अपना दस्तखत नहीं कर रहे हैं। ना ही वे विधेयकों को पुनर्विचार के ले विधानसभा को लौटा रहे हैं। ठीक यही शिकायत लेकर पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार भी राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई है। तमिलनाडु में तो डीएमके सरकार और राज्य आरएन रवि के बीच टकराव के कई बिंदु

एक महीने के भीतर केरल की सरकार राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। जबकि केरल, तमिलनाडु और पंजाब सरकारों की तरफ अपने–अपने राज्यपालों के खिलाफ दायर मामले की सुनवाई अभी चल ही रही है। केरल की लेफ्ट फ्रंट सरकार की शिकायत है कि राज्यपाल विधानसभा से पारित विधेयकों पर अपना दस्तखत नहीं कर रहे हैं। ना ही वे विधेयकों को पुनर्विचार के ले विधानसभा को लौटा रहे हैं। ठीक यही शिकायत लेकर पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार भी राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई है।

हैं। वैसे यह कहानी सिर्फ इन तीन राज्यों की नहीं है। बल्कि कई ऐसे राज्यों में इसे लगभग इसी तरह दोहराया गया है, जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं है। इस रूप में देखा जाए, तो एक साफ पैटर्न उभरा है।

इसलिए विपक्षी दलों की इस शिकायत में दम है कि जिन राज्यों में भाजपा मतदाताओं के समर्थन से सत्ता में नहीं आ पाती, वहां केंद्र में स्थित उसकी सरकार राज्यपालों के जरिए आम प्रशासन को दूभर बनाने का काम करती है। इस तरह संघीय व्यवस्था एवं संवैधानिक भावनाओं का उल्लंघन हो रहा है।

तीन राज्यों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसी हफ्ते जो टिप्पणियां कीं, उसका साफ संकेत है कि इस अवस्था से मानवीय न्यायाधीश भी व्यग्र हैं।

कोर्ट ने कहा कि इससे पहले की ऐसे मामले उस तक पहुंचे, राज्यपालों को इन्हें अपने स्तर पर ही निपटा लेना चाहिए। बेशक यह मामला पेचीदा और संवेदनशील है। संविधान के मुताबिक राज्यपाल राज्यों में केंद्र के प्रतिनिधि हैं और उनकी खास गरिमा होती है।

केंद्र के प्रतिनिधि के तौर पर उनसे अपेक्षित है कि राज्य में हो रही गतिविधियों से केंद्र को अवगत रखें तथा जरूरत पडने पर राज्य सरकार को उचित परामर्श दें। लेकिन वे निर्वाचित सरकारों के कामकाज में व्यवधान डालने लगें, यह कतई अपेक्षित नहीं हैं। यह सबको याद रखना चाहिए कि भारतीय व्यवस्था में राज्य एक संवैधानिक इकाई हैं– वे केंद्र के मातहत नहीं हैं।

## हमास की संसद पर आईडीएफ का कब्जा, इजरायली झंडे के साथ स्पीकर की कुर्सी पर बैठे दिखे सैनिक

**गाजा, एजेंसी।** हमास के साथ चल रहे युद्ध में इजरायल के हाथ बड़ी सफलता लगी है। इजरायली सैनिकों ने इस संघर्ष में अब तक गाजा के कई हिस्सों को अपने कब्जे में ले लिया है। इजरायली सेना अब हमास की संसद तक पहुंच गई है। दरअसल इजरायली डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उसने हमास की संसद पर कब्जा कर लिया है। इसको लेकर इजरायली सेना ने एक फोटो भी शेयर किया है, जिसमें इजरायली सैनिक हमास की संसद में अपना झंडा लहराते नजर आ रहे हैं। फोटो में इजरायली सैनिक हमास की संसद में स्पीकर की कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं।

वहीं, इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सोमवार को इजरायल के नेशनल टीवी को संबोधित करते हुए कहा कि गाजा पट्टी पूरी तरह से हमारे नियंत्रण में है। अब हमास के लड़ाके दक्षिण की ओर भाग रहे हैं। वहां के स्थानीय लोग हमास के ठिकानों को लूट रहे हैं। गौरतलब है कि इजरायल हमास युद्ध को एक महीने से अधिक हो चुके हैं। हालांकि यह संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। युद्ध की वजह से गाजा में अब तक 23 लाख लोगों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है।

## दिल्ली के शकरपुर में इमारत में लगी आग, एक महिला की मौत, 10 घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के शकरपुर इलाके में मंगलवार को एक इमारत में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और अन्य 10 लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि शकरपुर में एक इमारत में लगी आग में 26 लोगों को बचा लिया गया, जबकि अन्य पांच लोगों ने बालकनी से कूद कर जान बचाई। शकरपुर के ग्राउंड प्लस तीन मंजिला इमारत में कम से कम 31 लोग फंस गए थे। जिसमें से 26 लोगों को दिल्ल दमकल विभाग के कर्मियों ने बचाया और अन्य पांच ने बालकनी से छलांग लगा दी। डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि उनमें से दस लोगों को जीटीबी अस्पताल, एलबीएस अस्पताल और हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 40 वर्षीय महिला को मृत घोषित कर दिया। श्री गर्ग ने कहा, "सांस लेने में समस्या होने के कारण डीएफएस कर्मी समय सिंह गिर गया जिससे वह घायल हो गया और उसे एलबीएस अस्पताल ले जाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।" डीएफएस के मुताबिक शुरुआत में तीन दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया, लेकिन बाद में जब विभाग को फोन आया कि इमारत के अंदर कई लोग फंसे हुए हैं तो पांच और दमकल गाड़ियों में कर्मियों सहित को मौके पर पहुंचे।

## केंद्र ने हाईकोर्ट के 5 न्यायाधीशों के तबादले को मंजूरी दी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** केंद्र ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों के अनुरूप विभिन्न उच्च न्यायालयों में पांच न्यायाधीशों के स्थानांतरण के संबंध में अधिसूचना जारी की है।राष्ट्रपति ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर बी.सर-राफ और विवेक चौधरी को क्रमशः इलाहाबाद और पटना उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया है।केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी एक अन्य अधिसूचना में कहा गया कि तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एम.सुधीर कुमार और सी. सुमलता को क्रमशः मद्रास और कर्नाटक उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया है।राष्ट्रपति ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह को मद्रास उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का भी आदेश दिया।

# कांग्रेस नेताओं को अपने देश की उपलब्धियां न देखने की मानसिक बीमारी: पीएम मोदी

**बैतूल , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिना किसी का नाम लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियों को ना देखने की मानसिक बीमारी है। पीएम मोदी मध्यप्रदेश मे चुनाव प्रचार के दौरान बैतूल जिले में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस आजकल सातवें आसमान पर उड़ रही है। पार्टी के नेता जमीनी सच्चाई नहीं जानते। कल एक 'महाज्ञानी नेता' कह रहे थे कि भारत में ज्यादातर लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग किस दुनिया में रहते हैं। पार्टी नेताओं को अपने देश की उपलब्धियों को ना देखने की मानसिक बीमारी है। पता नहीं कांग्रेस के नेता कौन सा विदेशी चश्मा लगाते हैं, उन्हें देश की स्थिति पता ही नहीं है।

इसी क्रम में पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। जब कांग्रेस केंद्र सरकार में थी तो भारत में 20 हजार करोड़ रुपए से कम के मोबाइल बनते थे। आज साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के मोबाइल बन



रहे हैं।

करीब एक लाख करोड़ रुपए के मोबाइल तो भारत निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय 'मेक इन इंडिया' की बात करने वाले कभी 'लोकल के लिए वोकल' क्यों नहीं होते। कांग्रेस के नेताओं को स्वदेशी का प्रचार करने में शर्म क्यों आती है। इनकी विदेशों से क्या सांठगांठ है कि वहीं का माल लाना चाहिए।

राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में एक चुनवी सभा में कहा था कि ज्यादातर भारतीयों के पास मेड इन चाइना मोबाइल होता है। कांग्रेस इस परिपाटी को बदल कर मेड इन मध्यप्रदेश मोबाइल का इस्तेमाल बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जैसे जैसे 17 नवंबर मतदान की तारीख पास आ रही है, वैसे ही कांग्रेस नेताओं के दावों की पोल खुलती जा रही है। पूरे मध्यप्रदेश से रिपोर्ट मिल रही है कि कांग्रेस ने हार मान कर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। साधु महात्माओं के पास डोरे-धागे के लिए जा रहे हैं, कुछ नसीब खुल जाए। कांग्रेस के पुराने लोग कहीं दिख ही नहीं रहे। कांग्रेसियों को लगता है कि वे जनता से किस मुंह से बात करें। उन्होंने मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने झूठे वादे एक पल भी नहीं टिक सकते।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक आदिवासियों के वोट झूठ बोल कर बटोरे। सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल जैसी सुविधाओं से वंचित रखा। कर्जमाफी का वादा किया, पर डेढ़ साल बाद तक पूरा नहीं कर पाए। भाजपा जितना वादा करती है, उससे ज्यादा करने का प्रयास करती है। क्या घोषणा पत्र में था कि आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाएंगे। भाजपा देश भर में आदिवासी संस्कृतियों के भव्य स्मारक बना रही है। उन्होंने कहा कि कल जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर वे झारखंड में बिरसा मुंडा के जन्म स्थान पर जा रहे हैं और कल ही सरकार आदिवासी कल्याण के लिए 24 हजार करोड़ रुपए की एक अहम योजना शुरु करने वाली है। बैतूल की विशाल जनसभा को देखते हुए श्री मोदी ने कहा कि वे संगठन के कार्यकर्ता रहे हैं।

कितना ही बड़ा नेता क्यों ना आता हो, लेकिन सुबह 11 बजे चुनाव की सभा करना लोहे के चने चबाना जैसे काम है, लेकिन बैतूल ने कमाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह, इतने सुदूर क्षेत्र में दीपावली के दूसरे तीसरे दिन इतनी बड़ी सभा करना कार्यकर्ताओं का अद्भुत प्रयास है।

आदिवासी बहुल बैतूल जिले में उन्होंने कहा कि देश में ढाई करोड़ किसान मोटा अनाज उगाते हैं। ऐसे छोटे किसानों के बारे में भाजपा ने पहली बार सोचा। उसे श्रीअन्न की पहचान दी। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वे अमेरिका गए, वहां व्हाइट हाउस में उन्हें मोटे अनाज का खाना परोसा गया। जी 20 के नेताओं को भी भारत ने वही खिलाया। अब पांच सितारा होटलों में मोटा अनाज मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश भर में इथेनॉल प्लांट लगा रही है। मक्के से इथेनॉल निकलने से किसानों को अब मक्के का ज्यादा पैसा मिल रहा है।

## कुत्ते के काटने पर सरकार से मिलेगा 20 हजार का मुआवजा, हाईकोर्ट ने दिए आदेश

**चंडीगढ़ ,(एजेंसी)।** डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा कि डॉग बाइट के मामले इतने बढ़ गए हैं कि लोगों को इसके लिए कोर्ट पहुंचना पड़ रहा है। मुआवजे के लिए राज्य सरकार ही जिम्मेदार होगी। कोर्ट ने पीड़ित को 10 हजार रुपये प्रति दांत के निशान से मुआवजा देने का आदेश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकारों को इसके लिए गाइडलाइन बनाने का भी आदेश दिया।

जस्टिस विनोद एस भारद्वाज की बेंच ने चंडीगढ़ में कुत्ते काटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई। एस भारद्वाज की बेंच ने 193 याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह फैसला सुनाया। बेंच ने कहा कि अगर कुत्ते के काटने से दांत के निशान बनते हैं तो पीड़ित को प्रति दांत के निशान पर 10 हजार रुपये मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा अगर कुत्ते के काटने से स्किन में घाव होता है या मांस निकल जाता है तो प्रति 0.2 सेंटी मीटर घाव के लिए मिनिमम 20,000 रुपये मुआवजा दिया जाए।पंजाब और हरियाणा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को इस तरह के मुआवजे का निर्धारण करने के लिए संबंधित जिलों के उपायुक्तों की अध्यक्षता में समितियों का गठन करने का भी आदेश दिया गया है।

# दिवाली पर धुआं-धुआं हुई राजधानी दिल्ली में अब हाथ सेंकने पर भी लगा बैन, 18 तक बंद रहेंगे स्कूल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में बारिश की वजह से घटा प्रदूषण दिवाली के बाद एक बार फिर बढ़ गया है। जहां राजधानी में दिवाली की सुबह एक्यूआई 202 था, वहीं दिवाली की अगली सुबह यानी सोमवार को यह कई इलाकों में फिर 900 से पार पहुंच गया। इस वजह से दिल्लीवासियों को अगले आदेश तक ग्रैप-4 की पाबंदियों का सामना करना पड़ेगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को सचिवालय में समीक्षा बैठक के बाद बताया कि दिल्ली में पाबंदियां अभी जारी रहेंगी। इसके अलावा एंटी डस्ट कैंपेन को 15 दिन के लिए बढ़ाने और हाथ सेंकने के लिए लकड़ी जलाने पर भी रोक लगाई गई है। गोपाल राय ने कहा कि सीएक्यूएम की अगली बैठक तक दिल्ली में ग्रैप के स्टेज-4 की पाबंदियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल की गाड़ियों पर पाबंदी जारी रहेगी। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति वाले ट्रकों को छोड़कर अन्य पर पाबंदी रहेगी। सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों को प्रतिबंध से छूट दी गई है। दिल्ली में सभी तरह के कंस्ट्रक्शन पर भी प्रतिबंध जारी रखने का फैसला लिया गया



है। 18 तक स्कूल बंद रखने का फैसला भी जारी रहेगा। 13 हॉट स्पॉट पर मॉनिटरिंग को सख्त किया जाएगा। एंटी डस्ट कैंपेन को 15 दिनों के लिए बढ़ाते हुए 30 नवंबर तक जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि एंटी ओपन बर्निंग (हाथ सेंकने के लिए लकड़ी जलाने पर) एक महीने के लिए रोक रहेगी।

इसके लिए 611 टीमों की ड्यूटी लगाई जा रही है। उन्होंने दिल्ली की जनता से ग्रीन दिल्ली ऐप डाउनलोड करने की अपील करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधि दिखने पर वॉर रूम को सूचित करें। गोपाल राय ने कहा कि दिवाली की रात से पहले दिल्ली में प्रदूषण का स्तर औसतन 215 तक पहुंच गया था, लेकिन दिवाली की रात में जिस तरह टारगेटेड तरीके से दिल्ली, यूपी और हरियाणा में पटाखे जलाने की घटनाएं हुईं, उससे प्रदूषण का स्तर भी बढ़ते-बढ़ते औसतन 315 तक पहुंच गया। उन्होंने आतिशबाजी के लिए यूपी और हरियाणा की सरकार को भी जिम्मेदार बताया। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर प्रतिबंध था, लेकिन पटाखे जले, जो उत्तर प्रदेश और हरियाणा से आए। उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अगर सख्ती से प्रतिबंध होता, तो वहां भी लोगों को पटाखे नहीं मिलते। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली पुलिस की निगरानी के बीच से एक आम आदमी पटाखों को एक राज्य से दूसरे राज्य में सप्लाई नहीं कर सकता है। तीनों राज्यों में भाजपा के नियंत्रण वाली पुलिस व्यवस्था है। अगर वह सक्रियता से काम करते, तो रातों रात प्रदूषण में 100 अंकों की बढ़ोतरी से हम बच सकते थे।

सुप्रीम कोर्ट की मनाही के बावजूद दीपावली की रात राजधानी दिल्ली में जमकर आतिशबाजी हुई। इसकी वजह से एयर क्वालिटी इंडेक्स चार गुना से ज्यादा हो गया और पटाखों के धुएं से दिल्ली में काली धुंध छा गई।

# एमपी में आने वाला है कांग्रेस का तूफान: राहुल

**विदिशा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज दावा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में "कांग्रेस का तूफान" आने वाला है और पार्टी 145 से 150 सीटों पर विजय हासिल कर राज्य में सरकार बनाएगी। राहुल गांधी ने राज्य के विदिशा में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह दावा किया।



उन्होंने कहा, "मैं सौ प्रतिशत कह सकता हूं कि यहां पर कांग्रेस पार्टी का तूफान आने वाला है। आप लिखकर रख लो, मध्यप्रदेश की जनता कांग्रेस को 145 से 150 सीट तक देने जा रही है।" राहुल गांधी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी की सरकार चुनी थी, लेकिन नरेंद्र मोदी, अमित शाह और शिवराज सिंह चौहान ने मिलकर विधायकों को खरीदा और जनता के द्वारा चुनी सरकार को "चोरी" करने का काम किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मध्यप्रदेश में उनके काफी दौरे लग चुके हैं और इसके आधार पर वे राज्य में 145 से 150 सीटें आने की बात कह रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि इन लोगों की नीतियों के कारण युवा बेरोजगार है।

किसान परेशान है। इनके राज में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र के वीडियो वायरल होने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन वीडियोज में सैकड़ों करोड़ रुपयों के लेनदेन की बात हो रही है। ये जनता का पैसा है और इसे नेता अपनी तिजोरियों में भर रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं का निशाने पर लेते हुए कहा कि इस मामले में ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई जैसी एजेंसियां क्यों कार्रवाई नहीं कर रही हैं।

राहुल गांधी ने राज्य में भाजपा शासनकाल के दौरान हुए व्यापमं घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला और अन्य घोटालों का जिक्रकरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काले धन की बात करते थे, लेकिन नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र के मामले में वे क्यों नहीं बोल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राज्य की पूर्ववर्ती सरकार ने किसानों के कर्ज माफ किए थे और फिर से पार्टी की सरकार बनने पर किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। उन्होंने कांग्रेस के वचनपत्र में दर्ज अन्य वचनों का भी जिक्रकिया और कहा कि पार्टी उन्हें पूरा करेगी। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान कल यानी बुधवार की शाम को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद सभी 230 सीटों पर एकसाथ 17 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

# न्यूजीलैंड का सामना करने से घबराएगा भारत : रॉस टेलर






मुंबई ,विश्व कप 2023 में भारतीय टीम शानदार फॉर्म में है और वर्ल्ड कप की पक्की दावेदार मानी जा रही है। लेकिन, दिग्गज कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर को उम्मीद है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम घरेलू सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने से घबराएगी। भारत ने प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन, अब उनका सामना सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से है।

हालांकि, लीग चरण में भारत ने न्यूजीलैंड को भी हराया है लेकिन नॉकआउट मैचों में इस टीम का रिकॉर्ड कीवी टीम के आगे थोड़ा कमजोर है। 2019 विश्व कप सेमीफाइनल सहित अपने पिछले चार नॉकआउट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ जीत दर्ज की है। टेलर ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा, चार साल पहले भारत टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में था। लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें हार मिली।

इस बार भारत और भी बड़ी दावेदार है। घरेलू मैदान पर और ग्रुप चरण के दौरान टीम इंडिया ने बहुत अच्छा खेला है। लेकिन जब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं हो तो न्यूजीलैंड की टीम बहुत खतरनाक हो सकती हैं। मेरे हिसाब से अगर कोई ऐसी टीम है जिसका सामना करने में भारत घबराएगा, तो वह न्यूजीलैंड की टीम होगी।

टेलर ने यह भी कहा कि मुंबई आमतौर पर एक ऐसा मैदान है जहां कोई भी बड़े स्कोर की उम्मीद कर सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के लिए बड़ी परीक्षा परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के साथ-साथ पहले दस ओवरों में बल्ले और गेंद से भारतीय टीम से निपटने में होगी।

# पारस म्हाम्ब्रे ने कहा, भारत की गेंदबाजी इकाई एक संपूर्ण पैकेज



मुंबई , विश्व कप 2023 की प्रारंभिक लीग में भारत का प्रभावी प्रदर्शन काफी हद तक उसकी गेंदबाजी इकाई के कारण है, जिसने हर मैच में विपक्षी टीम को दबाव में रखा है।

बेशक रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने बल्ले से खूब रन बनाए हो। लेकिन, यह गेंदबाज ही हैं जिन्होंने भारत को नौ मैचों में नौ जीत के साथ लीग चरण सबसे आगे रखा। यह पहली बार है जब भारत विश्व कप में ऐसा करने में सफल हुआ है। भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह (15.64 की औसत से 17 विकेट), मोहम्मद सिराज (28.83 की औसत से 12 विकेट), मोहम्मद शमी (9.56 की औसत से 16 विकेट), रवींद्र जडेजा (18.25 की औसत से 16 विकेट) और कुलदीप यादव ने (22.28 की औसत से 14 विकेट) का दमदार प्रदर्शन किया है। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि गेंदबाजी इकाई एक संपूर्ण पैकेज है और किसी भी सतह पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम है।

आईसीसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में म्हाम्ब्रे के हवाले से कहा, विभिन्न कौशल के संदर्भ में, हमारे पास हमारे सामने आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने की क्षमता है।

# प्रमोद भगत ने जापान पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 में जीता स्वर्ण



नई दिल्ली , पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और भारत के सबसे प्रतिष्ठित बैडमिंटन स्टार प्रमोद भगत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हाल ही में संपन्न हुलिक दाइहात्सू जापान पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 में एसएल3 एकल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।

शीर्ष शटलर ने भारत के मनोज सरकार को सीधे सेटों में हराया।

प्रमोद भगत ने मैच में अच्छी शुरुआत की और पहला सेट 21-16 के स्कोर के साथ जल्दी ही अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में मनोज ने जोरदार वापसी की लेकिन प्रमोद के पास मनोज द्वारा दी गई चुनौतियों का हर जवाब था। प्रमोद ने दूसरा सेट 21-19 से जीता। यह मुकाबला 38 मिनट तक चला और अंतिम स्कोर 21-16 और 21-19 रहा। मिश्रित युगल में प्रमोद भगत और मनीषा रामदास यांग जियानयुआन और यांग किउ जिया की चीनी जोड़ी से 3-सेटर के कठिन मुकाबले में हार गए, अंतिम स्कोर 21-14, 15-21 और 21-16 से चीनी टीम के पक्ष में रहा।दूसरी ओर सुकांत कदम सेमीफाइनल में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन से हार गए और एकल एसएल4 वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। यहां तक कि तरूण ने भी उसी वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

# नोवाक जोकोविच का नया रिकॉर्ड, रैंकिंग में आठवीं बार टॉप पर जमाया कब्जा

ट्यूरिन ।24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपना रिकॉर्ड और मजबूत करते हुए होल्गर रूने को एटीपी फाइनल में हराकर आठवीं बार नंबर-1 रैंकिंग हासिल की। इस टूर्नामेंट के बाद नोवाक जोकोविच 400 सप्ताह तक शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

साल के अंत में नंबर- 1 पर कब्जा जमाने के बाद नोवाक जोकोविच 20 नवंबर से शुरू होने वाली एटीपी रैंकिंग में अपने रिकॉर्ड 400वें सप्ताह का आनंद लेंगे। उन्होंने 2023 में शीर्ष स्थान पर 25 सप्ताह बिताए हैं। जोकोविच ने 2023 सीजन के दौरान स्पेन के 20 वर्षीय कालोस अल्कराज के साथ एक रोमांचक संघर्ष के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान की लड़ाई में इस साल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही।

जोकोविच ने वर्ष के अंत में नंबर हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के रूप में अपना रिकॉर्ड और मजबूत किया। एटीपी रैंकिंग इतिहास में पहला स्थान।

दो साल पहले वह 34 साल की उम्र में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सीजन खत्म करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे और अब उन्होंने 36 साल की उम्र में इस उपलब्धि को दोहराकर अपना रिकॉर्ड और मजबूत किया।



2023 में अब तक छह खिताबों के विजेता, अल्कराज के साथ एटीपी टूर में वो सबसे अधिक बार बराबरी पर रहे। जोकोविच ने सीजन के चार प्रमुख खिताबों में से तीन, ऑस्ट्रेलियन ओपन, रोलां गैरां और यूएस ओपन, जीते। अब 24 बार के प्रमुख चैंपियन, जोकोविच ने अपने करियर में चौथी बार एक साल में तीन स्लैम जीते। इससे पहले, 2011, 2015 और 2021 में उनके नाम यह रिकॉर्ड था। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने सिनसिनाटी और पेरिस में जीत हासिल कर अपने संग्रह में दो और एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी शामिल की।

# भारतीय सेना के डॉक्टर ने रचा इतिहास, 50वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य खेल प्रतियोगिता में जीते 5 स्वर्ण पदक

नई दिल्ली , राष्ट्रपति भवन में प्रेसिडेंट्स बॉडी गार्ड्स में तैनात भारतीय सेना मेडिकल कोर के अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक ने कोलंबिया में 42वें विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेलों में पांच स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 800 मीटर, 1,500 मीटर, 3,000 मीटर, 5,000 मीटर और क्रॉस-कंट्री स्पर्धाओं में उनकी जीत उन्हें 2023 में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र एथलीट और 1978 में खेल शुरू होने के बाद से कुछ चुनिंदा एथलीटों में से एक बनाती है।

विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेल जिसे अक्सर स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए ओलंपिक खेल माना जाता है, चिकित्सा समुदाय के भीतर सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक खेल आयोजन के रूप में विकसित हुआ है। 1978 की



विरासत के साथ खेल हर साल 50 से अधिक विभिन्न देशों के 2,500 से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित करते हैं।

ये स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर ओलंपिक के मूल मूल्यों को कायम रखते हुए, व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से, लगभग बीस खेल विषयों में संलग्न हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव की सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उत्कृष्टता को उजागर करती है, बल्कि विश्व स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के समर्पण को भी दर्शाती है, जो एथलेटिक उपलब्धियों के साथ अपनी चिकित्सा विशेषज्ञता को भी ध्यान में रखते हैं। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेश-क लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने लेफ्टिनेंट कर्नल मलिक को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com